प्रादेशिक समाचार
12.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने 3 मई को आयोजित नीट–यूजी 2026 परीक्षा रद्द कर दी है। पेपर लीक के आरोपों की जांच अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानि सीबीआई करेगी। विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा के लिए नया पंजीकरण या अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। परीक्षा की नई तारीख जल्द ही अलग से घोषित की जाएगी।

****

राजधानी रांची में बिजली–पानी के गंभीर संकट को लेकर भाजपा ने विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चिलचिलाती गर्मी में जनता बूंद–बूंद पानी और बिजली के लिए त्रस्त है, लेकिन सरकार पूरी तरह संवेदनहीन बनी हुई है।

****

राजधानी रांची के बाद दुमका में भी बिजली–पानी संकट को लेकर भाजपा ने जनाक्रोश रैली और धरना दिया। पूर्व मंत्री राज पलिवार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद और विधायक देवेंद्र कुंवर ने राज्य सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि बुनियादी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो उग्र जन आंदोलन कर कामकाज ठप किया जाएगा।
उधर, लोहरदगा में भी भाजपा ने विधायक शशिभूषण मेहता और जिला अध्यक्ष अजय कुमार पंकज के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। नेताओं ने राज्य सरकार पर बुनियादी सुविधाएं देने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज लोक भवन में राज्य के लोकायुक्त न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार गुप्ता ने शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान लोकायुक्त ने राज्यपाल को राज्य की विभिन्न न्यायिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की प्रगति से अवगत कराया। दोनों के बीच राज्य में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन सुनिश्चित करने से जुड़े अहम विषयों पर चर्चा हुई।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में 15 नर्सिंग पेशेवरों को वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए। उन्हें ये पुरस्कार नर्सिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए गए। ये पुरस्काषर पंजीकृत नर्सों, मिडवाइव्स, सहायक नर्स मिडवाइव्स और महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों को प्रदान किए गए।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बिहार आई बैंक ट्रस्ट की समीक्षा करते हुए इसका नाम जल्द झारखंड आई बैंक करने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थान को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने, भूमि विवाद सुलझाने और सीएसआर फंड से आधुनिक सुविधाएं बढ़ाने को कहा, ताकि इसे राज्य का उत्कृष्ट नेत्र चिकित्सा केंद्र बनाया जा सके।

****

गिरिडीह पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला शक्ति पेट्रोलिंग दस्ते की शुरुआत की है। एसपी डॉ. बिमल कुमार ने इस विशेष स्कूटी दस्ते को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने बताया कि यह दस्ता मुख्य रूप से स्कूल, कॉलेज और कोचिंग सेंटरों के पास गश्त करेगा। किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं डायल 112 पर संपर्क कर सकती हैं।

****

रांची के सदर थाना क्षेत्र के कोकर खोरहा टोली से रविवार से लापता 18 महीने की मासूम बच्ची अदिति पांडे का शव बरामद हो गया है। बच्ची का शव गाड़ीगांव इलाके के एक बड़े नाले से मिला है। लापता होने के बाद रांची पुलिस लगातार बच्ची की तलाश में जुटी थी और सुराग देने वाले को 50 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा भी की गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और यह जांच कर रही है कि मामला महज हादसा है या कोई साजिश।

*********समाप्त**********